# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, शनिवार 05 जुलाई 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2। पया मो. 9993268143







## व्यास म्यूज़िकल ग्रुप 13 जुलाई को पॉलिटेक्निक में करेगा सम्मान

भोपाल में एक से बढ़कर एक धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन करते रहने में अपनी एक अलग ही पहचान बना चुके व्यास म्यूज़िकल ग्रुप के संस्थापक व वरिष्ठ पत्रकार एम. पी. व्यास, अध्यक्ष संजय पी. एल. व्यास एवं आयोजक व एंकर निवेदिता व्यास द्वारा 13 जुलाई 2025 की शाम 4 बजे से पॉलिटेक्निक कॉलेज में एक संगीतमयी कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें भोपाल के एक से बढ़कर एक सिंगर अपनी आवाज़ का जादू बिखेरते दिखाई देंगे वहीं दूसरी तरफ़ अपने अपने क्षेत्र में सकारात्मक कार्य कर ऊर्जा पैदा करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रम की आयोजक व एंकर तथा अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज की राष्ट्रीय संयोजक निवेदिता व्यास ने बताया कि इस गरिमामयी आयोजन में भोपाल के प्रसिद्ध साउंड ऑपरेटर आफ़ाक खान की बेटी जोया खान जो उन्हीं के साथ लेपटॉप ऑपरेटर व साउंड ऑपरेटर का कार्य बहुत ज़िम्मेदारी से निबाहते हुए दिखाई देतीं हैं, इस होनहार बेटी को बेस्ट साउंड ऑपरेटर अवार्ड, फनकार म्यूज़िकल ग्रुप के




अध्यक्ष इसरार खान को वर्सटाईल सिंगर अवार्ड, मोहम्मद हसीन खान भोपाली को बेस्ट मेल सिंगर अवार्ड, रियाज़ खान भोपाली को सीनियर सिंगर अवार्ड से विभूषित कर पुष्पहार, श्रीफल, शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया जायेगा वहीं दूसरी तरफ़ फनकार म्यूज़िकल ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक मेहमूद खान, स्वर रचना म्यूज़िकल ग्रुप के ऑर्गनाइज़र विवेक दुबे व रश्मि दुबे, स्वरार्पण म्यूज़िकल ग्रुप के ऑर्गनाइज़र व योग्य वीडियोग्राफर मोहन कृष्ण सावले, भोपाल एडव्होकेट म्यूज़िकल ग्रुप के जयराज धौलपुरिया को पुष्पहार, श्रीफल व शॉल से सम्मानित किया जायेगा।

व्यास म्यूज़िकल ग्रुप के अध्यक्ष संजय पी. एल. व्यास ने भोपाल के सभी संगीत प्रेमियों से 13 जुलाई शाम 4 बजे व्यास म्यूज़िकल ग्रुप के कार्यक्रम में एवं फनकार म्यूज़िकल ग्रुप के अध्यक्ष इसरार खान ने 27 जुलाई को शाम 4 बजे से फनकार म्यूज़िकल ग्रुप के कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक कॉलेज में होने वाली गीतों की बौछार का आनंद लेने उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## मृणालिनी सिंह सेंगर ने मजदूरों के साथ मुलाकात की और चाय पीते हुए चर्चा की

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल भेल पांच नंबर फाउंड्री गेट पर मजदूर नेता एवं समाजसेवी मृणालिनी सिंह सेंगर ने मजदूरों के साथ मुलाकात की और चाय पीते हुए चर्चा की की क्या आपका एरिया गिरा और मजदूरों ने बोला कि हां एरिया गिर रहा तो चालू हो गया है पर कोई 16000 दे रहा है कोई 4000 दे रहा है मतलब सब अलग-अलग एरिया अपने हिसाब से दे रहे हैं तो मैं यह जानना चाहती हूं मैनेजमेंट से और ठेकेदारों से की ऐसा क्यों कर रहे हैं अलग-अलग एरिया गिरा रहे हैं मजदूरों का सामान एरिया



क्यों नहीं गिर रहा है बीएचईएल में अभी और भी बहुत सारी अवैध कठोरियां हो रही है जिस पर निरालानी सिंह सेंगर ने चर्चा की और जल्द ही उनकटौतियों को बंद करने की भी बात की वर्क कॉन्टैक्ट के मजदूरों का पीएफ का भी प्रॉब्लम है और यह पीएफ का प्रॉब्लम समिति कर्मचारियों का भी है जो आज मिलकर चर्चा किया जल्द ही मैनेजमेंट से बात करके ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी

## शाजापुर जिले में पुलिस के अत्याचार को लेकर जन संघर्ष समिति ने दिया ज्ञापन

भोपाल हैडलाइंस थाना सुंदरसी में हो रही रिश्वतखोरी, अनियमितताओं को लेकर जन संघर्ष समिति द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बेरछा आर सी पवार को ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में उल्लेख किया गया की थाना सुंदरसी में पदस्थ पुलिस अधिकारियों द्वारा उचित कार्यवाही या नहीं की जाती हैं फरियादियों की रिपोर्ट नहीं लिखी जाती है आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है आवेदन मात्र देने पर ही ?1000 की रिश्वत थाने से जमानत मुश्किल का करवाने पर रुपए 3000 की रिश्वत सब इंस्पेक्टर महेंद्र



सिंह चौहान द्वारा ली जाती है ज्ञापन का वाचन राजा भैय्या ने किया ज्ञापन देने में जन संघर्ष समिति के सदस्य अविनाश सिंह, सद्दाम बाबा, जहीर अली, सलीम खान टांडा, हरीश विश्वकर्मा, शेख फारूक, आबिद, गोवर्धन माली, विक्रम मेवाड़ा एवं अन्य कई साथी मौजूद थे

## 15 स्थानो पर बन रहे हैं आरएफआईडी कार्ड - रिंकू भटेजा

भोपाल हेडलाइन ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि यात्रा परमिट के उपरांत आरएफआईडी कार्ड बनाना अनिवार्य है उसके बगैर यात्रा नहीं कर सकते। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा इस वर्ष यात्रा मार्ग पर 15 स्थान पर कार्ड बनवाने की व्यवस्था की गई है। लखनपुर, सांबा, भगवती नगर जम्मू, गीता भवन जम्मू, महाजन हॉल जम्मू, राम मंदिर जम्मू, पंचायत भवन जम्मू, रेलवे स्टेशन जम्मू, वैष्णवी धाम जम्मू, आसाराम आश्रम जम्मू, उधमपुर, रामबन, पंत चौक श्रीनगर, नुनवान बेस कैंप, बालटाल बेस कैंप किसी भी स्थान से कार्ड बनवा सकते हैं। जिन श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराए हैं



उनका बायोमेट्रिक के माध्यम से होगा। सभी श्रद्धालु अपना ओरिजिनल यात्रा परमिट एवं आधार कार्ड अवश्य लेकर जाए। रिंकू भटेजा के आगे बताया कि मंडल के जत्थे 29,30 जून को बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए थे, लगभग 350 श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर लिए है। बाकी श्रद्धालु यात्रा मार्ग पर है।

## धर्म और अध्यात्म की अलख जगाने के 100 वर्षः सिराली पहुँची ज्योति कलश यात्रा

**भोपाल हैडलाइन संजय योगी हरदा ब्यूरो चीफ सिराली**

गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा प्रारंभ की गई ज्योति कलश यात्रा सिराली पहुँची, जहां नगरवासियों और गायत्री परिवार के सदस्यों ने पुष्पवर्षा, पूजन-अर्चन कर भव्य स्वागत किया। धर्म और अध्यात्म की अलख जगाने वाली इस यात्रा का उद्देश्य है ङ्क ÷हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा। गौरतलब है कि गायत्री परिवार 2026 में अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। वर्ष 1926 में अखंड ज्योति की स्थापना और माता भगवती देवी शर्मा का जन्म हुआ था। इस उपलक्ष्य में पूरे भारत में 108 ज्योति कलश यात्राएं निकाली जा रही हैं, जिनका लक्ष्य घर-घर तक गायत्री मंत्र और गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को पहुँचाना है। आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी÷ के संकल्प



के साथ निकली यह यात्रा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा बन रही है। शताब्दी वर्ष के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान, पौधारोपण, विद्यालयों में संस्कृति ज्ञान परीक्षा, सामूहिक यज्ञ एवं जागरूकता रथों के माध्यम से यह अलौकिक पर्व देशभर में मनाया जा रहा है। सिराली में यात्रा के आगमन पर गायत्री मंदिर परिसर में विशेष अनुष्ठान एवं हवन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगरवासियों ने इस पुण्य यात्रा को एक आध्यात्मिक उत्सव के रूप में हर्षोल्लास से मनाया।



## भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का स्वागत हंसराज दावरे ने किया

भोपाल भाजपा के नवनिर्वाचित मध्य प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का स्वागत के अनुसूचित जाति के टेगोर मंडल के अध्यक्ष हंसराज दावरे द्वारा किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

## मध्यप्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच ने दी बौद्ध धर्म गुरु शाक्य पुत्र भंते सागर थेरो जी को जन्म दिवस की बधाई सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया जन्म उत्सव

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन भंते शाक्यपुत्र सागर महाथेरो एवं उनके शिष्य भंते राहुलपुत्र जी का अवतरण दिवस ÷मैत्री एवं सद्धभावना दिवस÷ के रूप में बुद्धभूमि महाविहार, चूनाभट्टी, भोपाल में धम्म, करुणा और समता भाव से मनाया गया जिसमें सभी धर्म गुरुओं एवं मध्यप्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच के पदाधिकारियों ने भाग लेकर भंते सागर जी को जन्म दिवस की बधाई दी जिसमे प्रमुख रूप से ईसाई धर्म गुरु आर्च बिष्प दुराई राज जी,गुरुचरण सिंह अरोड़ा जी,मोहम्मद कलीम एडवोकेट, डॉक्टर फादर आनद मुदुगल जी,हाजी मोहम्मद इमरान हारून,पंडित महेंद्र शर्मा जी, हाजी हनीफ़ अय्यूबी, भरमा कुमारी ग्रुप की बहनों आदि




ने जन्म उत्सव सम्हारो में भाग लेकर भंते शाक्य पुत्र सागर थेरो जी एवं उनके शिष्य भंते राहुल को शुभकामनाएं दी

## भोपाल में दो दिवसीय ऐतिहासिक कार्यक्रम का सफल समापन

भोपाल हेडलाइन सेंट्रल ग्रुप इंडिया ने मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से ÷डॉक्टर्स डे÷ 2025 के शुभ अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार यह अपनी तरह का अनूठा कार्यक्रम मध्यप्रदेश पर्यटन के होटल विंड एन वेव्स में हुआ, जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था के पांच प्रमुख सेक्टर्स शामिल थे जिनके नाम इस प्रकार हैं, हेल्थ सेक्टर, फार्मास्युटिकल सेक्टर, शिक्षा और प्रशिक्षण सेक्टर, खेल सेक्टर और मीडिया सेक्टर। सम्मेलन के दौरान महत्वपूर्ण कार्यशालाएँ, सेमिनार, डॉक्टर्स स्पीकर सेशन, उद्यमी वार्ता के साथ-साथ हमारे देश की सेवा करने वाले और समाज के उत्थान के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान देने वाले सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टरों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन इस दो दिवसीय



कार्यक्रम में किया गया जिसकी थीम ÷कैंसर से लड़ो और जीवन बचाओ÷ रखी गई थी। सेंट्रल ग्रुप इंडिया और सेंट्रल ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स, मध्य प्रदेश के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. नितिन वर्मा ने मीडिया को बताया कि इस पूरे आयोजन के दौरान समस्त भारत से कई हस्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें मंत्री, उद्यमी, डॉक्टर्स, फिल्म उद्योग की हस्तियां, राजनेता, निवेशक, बैंकर और जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे जिन्होंने इस आयोजन को सफल और यादगार बनाने के लिए सेंट्रल ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स, भोपाल मध्यप्रदेश की टीम का समर्थन किया। डॉ. नितिन वर्मा ने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र शुक्ला, उपमुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश थे और विशिष्ट अतिथि श्री किसन सूर्यवंशी, अध्यक्ष, बीएमसी, मध्यप्रदेश, डॉ. सत्य रंजन आचार्य, निदेशक उद्यमिता विंग और वरिष्ठ संकाय, ई.डी.आई अहमदाबाद, गुजरात, श्री अरुण शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एम.एफ.आई, नई दिल्ली, श्री मनोज कटारे, संस्थापक श्रीराम समूह, विदिशा एवं प्रसिद्ध भाजपा राजनेता, मध्यप्रदेश , डॉ. अजय शंकर मेहता, मध्यप्रदेश के एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, श्री अंकित राजपुरोहित, मध्य प्रदेश के एक उभरते उद्यमी और कई सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के जाने-माने डॉक्टरों ने इस कार्यक्रम में अपनी प्रतिष्ठित उपस्थिति दर्ज कराई।

डॉ. नितिन वर्मा ने मीडिया को यह भी बताया कि 12 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद, ÷मेरे आदरणीय महोदय, श्री सत्य रंजन आचार्य, निदेशक उद्यमिता शिक्षा विंग, ई.डी.आई अहमदाबाद और वरिष्ठ संकाय प्रमुख ई.डी.आई अहमदाबाद, गुजरात ने भी इस कार्यक्रम के दौरान अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।